C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:06 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:46 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 51 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 8 अगस्त 2025




दिल्ली हाईकोर्ट ने उदयपुर फाइल्स...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के खिलाफ भारत को मिला चीन का साथ



**बीजिंग।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिकी मनमानी के खिलाफ भारत को चीन का साथ मिला है। चीन ने कहा है कि अमेरिकी सरकार द्वारा टैरिफ का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और हमारा इसके प्रति विरोध साफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जब इसे लेकर चीन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि टैरिफ के दुरुपयोग के प्रति चीन का विरोध सही और स्पष्ट है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-बेटे को रौंदा, मौत बच्चा घायल

**रामनगर।** बैलपड़ाव क्षेत्र बुधवार देर रात तेज रफ्तार का खौफनाक नज़ारा बना जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-बेटे को रौंद दिया। हादसे में 33 वर्षीय राम बहादुर पुत्र राम प्रसाद निवासी टांडा मल्लू रतनपुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठे उनके मासूम बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। घायल बच्चे का इलाज रामनगर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राम बहादुर होटल से बच्चे की दवा लेने रामनगर जा रहे थे। जैसे ही वे गेबुआ क्षेत्र के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम बहादुर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। स्थानीय लोगों में इस हादसे के बाद आक्रोश है। उन्होंने बेलगाम रफ्तार और बेलगाम वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

## प्रदेश में आज तेज बारिश का येलो अलर्ट, अब भी 116 सड़कें बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

आने वाले दिनों की बात करें तो 13 अगस्त तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में आज भी तेज बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत उत्तराकाशी, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी



गर्जना व बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 13 अगस्त तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। राज्य में बारिश, भूस्खलन के

**मौसम**
- बीते दिवस को 243 मार्ग को खोले गए

कारण बंद मार्गों को खोलने को लेकर लोक निर्माण विभाग समेत दूसरे विभाग जुटे हैं। बृहस्पतिवार को 243 मार्ग को खोलने में सफलता मिल गई है, लेकिन अब भी 116 मार्ग बंद हैं, जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बंद सड़क में पौड़ी जिले में एक राष्ट्रीय राजमार्ग, 11 राज्य मार्ग, नौ मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग हैं। इसके अलावा 93 ग्रामीण मार्ग भी बंद हैं।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भारी बरसात से प्रदेश में कई जगहों पर भूस्खलन होने की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त होने से मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, बीआरओ, पीएमजीएसवाई के अधिकारी एवं कर्मचारी रात दिन विभिन्न मशीनों की मदद से इन सड़कों को खोलने में जुटे हैं।

राज्य में 359 मार्ग बंद थे, इसमें 243 को खोलने में सफलता मिल गई है। जो अन्य रास्ते बंद हैं, उनको खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

खेल मंत्री डोपिंग रोधी विधेयक संशोधन पेश करेंगे

## टैरिफ के मुद्दे पर संसद में हंगामा, लोकसभा स्थगित

नई दिल्ली
एजेंसी

लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 पेश किया जाएगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया इस विधेयक को पेश करेंगे। साथ ही खेल मंत्री डोपिंग रोधी विधेयक 2022 में कुछ संशोधन का प्रस्ताव भी सदन में पेश करेंगे। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 में खेल के विकास और खेल को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। साथ ही खिलाड़ियों के कल्याण, खेल प्रशासन को विश्वस्तरीय बनाने आदि के प्रावधान हैं।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, पूरा देश यह कह रहा है कि चुनाव आयोग अच्छी तरह से जांच करे और तब बोले...कोई आपको सबूत दे रहा है...तो उस सबूत को लें, जांच करें और देश को बताएं कि क्या हो रहा है...यह सरकार बिलकुल कमजोर हो गई है। सदन नहीं चला पा रही है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, पूरा देश यह कह रहा है कि चुनाव आयोग अच्छी तरह से जांच



करे और तब बोले...कोई आपको सबूत दे रहा है...तो उस सबूत को लें, जांच करें और देश को बताएं कि क्या हो रहा है...यह सरकार बिलकुल कमजोर हो गई है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज तीसरे सप्ताह का आखिरी कार्य दिवस था और आज भी सरकार स्क्रूकपर चर्चा करने के लिए तैयार नहीं हुई। कल राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के ही डॉक्यूमेंट से निश्चित साक्ष्य के साथ यह साबित कर दिया कि जबरदस्त घपला हुआ है। संसद में विपक्ष का हंगामा जारी है और एक बार फिर से सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा, मुझे समझ नहीं आता, कभी वो फर्जी वोटरों की बात करते हैं, कभी वोटरों के नाम हटाने की शिकायत करते हैं। वो क्या चाहते हैं? चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को नोटिस जारी किया है। उन्हें जाकर चुनाव आयोग को उन वोटरों के बारे में बताना चाहिए जिनके नाम सूची से बाहर रह गए हैं।

## प्रशासन ने नल बाजार नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण का निरीक्षण किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम की नगर आयुक्त ऋचा सिंह और उप जिला अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने नल बाजार का निरीक्षण किया नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण को दिखा।

पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी में इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32.33. 30 छोटी सड़क इंदिरा नगर बड़ी सड़क इंदिरा नगर हल्द्वानी की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त महोदिया को कहा कि यहां की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है यहां की नालियां मालवा मिट्टी से भरी पड़ी है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं यहां पर सफाई कर्मचारी नहीं आते सफाई नायक घर बैठे ही उनके हाजिरी लगा देता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी आज तक कम पर ना आने वाले सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया श्रीमती रिचा सिंह. नगर आयुक्त पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी को आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी। नगर आयुक्त ने कई विभाग के अधिकारियों के. शनि बाजार नल का निर्माण कैसे किया जाए गंदे पानी का निकास किधर किया जाए नल से अतिक्रमण कैसे हटाया जाए नाले के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाने नया नाला निर्माण करने को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की।



## विकास कार्यों की गतिशीलता में कोई कमी नहीं आने देंगे: गजराज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम सभागार में मेयर गजराज बिष्ट की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के 12 पार्षदों ने हिस्सा लिया और शहर के विकास से जुड़े 19 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

मेयर गजराज बिष्ट ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्यकारिणी कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते छह माह के कार्यकाल में जनता द्वारा उठाई गई समस्याओं और प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ संज्ञान में लिया गया है, और इन्हीं में से इस कार्यकारिणी बैठक में



प्रस्ताव के रूप में लाकर पारित किया गया। मेयर ने आश्वस्त किया कि पारित प्रस्तावों पर शीघ्र ही अमल शुरू किया जाएगा और विकास कार्यों की गतिशीलता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में पार्षद राजेन्द्र अग्रवाल, रवि वाल्मिकी, धीरज पाण्डेय, प्रेम बेलवाल, भागीरथी बिष्ट, प्रीति आर्य, मो. गुफरान, सुरेन्द्र मोहन नेगी, मनोज जोशी, संजय पाण्डेय, विद्या देवी के अलावा नगर आयुक्त ऋचा सिंह, महेश पाठक, मो. शकील, जयंत कुमार उपस्थित रहे।

## मुख्यपात्रों के संयुक्त निरीक्षण में खुली चुकम गांव की हकीकत

उत्तरांचल दीप(रामनगर)
मोहम्मद कैफ खान

के चुकम गांव में आपदा के कहर के बाद बृस्पतिवार को एक बड़ी प्रशासनिक टीम ने गांव पहुंचकर हालात का जायज़ा लिया।उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार,गिरीश चंद्र पाण्डे खंड विकास अधिकारी, मयंक मित्तल सिंचाई खंड के सहायक अभियंता ए.के. सामंत, राजस्व उपनिरीक्षक डॉ. गौरव सुंद्रियाल, कैलाश आर्य, ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंता, ग्राम प्रधान सौरभ कुमार सहित जनप्रतिनिधियों ने गांव में संयुक्त निरीक्षण कर राहत और पुनर्वास के कार्यों की समीक्षा की।

गांव में आपदा के चलते एक मकान पूरी तरह बह गया जबकि एक अन्य घर अब रहने योग्य नहीं बचा। प्रशासन ने दोनों को पूर्ण क्षति मानते हुए प्रभावित

### आपदा से उभरे जख्मों पर मरहम लगाने जुटा प्रशासन



परिवारों को सहायता राशि देने का निर्णय लिया है और उन्हें अस्थायी रूप से राजकीय स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो पैरालिसिस पीड़ित बुजुर्गों और एक पांच माह के बीमार शिशु को उनके घर पहुंचकर इलाज किया वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 25 अन्य ग्रामीणों का इलाज किया गया। गांव के भीतर बह रहे खतरनाक नालों को लेकर भी चिंता जताई गई। इन्हें नियंत्रित करने के लिए चेक डैम बनाए जाने की सिफारिश की गई है। संबंधित विभागों को तत्काल आकलन रिपोर्ट बनाकर कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं गांव का अन्य हिस्सों से संपर्क बनाए रखने के लिए राफ्ट सेवा शुरू करने का भी फैसला लिया गया है। राफ्ट सेवा प्रतिदिन सुबह 7 से 8:30 बजे तक और शाम 4 से 5:30 बजे तक संचालित होगी। दुरुपयोग रोकने के लिए ?20 का प्रतीकात्मक किराया तय किया गया है, जबकि बाकी खर्च आपदा मद से वहन किया जाएगा।

गांव में अलर्ट सिस्टम के तहत वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जलस्तर बढ़ने की जानकारी दी जाएगी ताकि लोग सतर्क रह सकें और कोई जान-माल की हानि न हो।चुकम गांव में जो हुआ वह एक चेतावनी है लेकिन प्रशासन की चुस्ती और त्वरित कार्रवाई ने ये दिखा दिया कि अगर सिस्टम साथ हो तो गांव भी फिर से खड़ा हो सकता है।

# 15 बाल वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय स्तर चयन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



विद्यार्थीयों में वैज्ञानिक चिंतन का विकास करने के विशेष मकसद से भारत सरकार की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना के तहत एससीईआरटी द्वारा देहरादून में 6 एवं 7 जुलाई को आयोजित आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में राज्य भर से 15 बाल वैज्ञानिकों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया।

नैनीताल जनपद से जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु हिमांशु पांडे एवं श्रीमती लक्ष्मी कला के नेतृत्व में 11 सदस्यी दल (दक्ष, आदर्श, गौरव कुमार, आशीष, हिमांशु नेगी, मोहित कुमार, बबीता बिष्ट, तनवी परिहार, दीपती मेहता एवं निहारिका आर्या) ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें से एम पी इंटर कॉलेज रामनगर के बाल वैज्ञानिक दक्ष तिवारी तथा आर्यमान विक्रम बिरला हल्द्वानी के बाल वैज्ञानिक आदर्श न्योलिया ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने में सफलता प्राप्त जनपद की, साथ ही जिला समन्वयक एवं टीम लीडर के रूप में डॉ. हिमांशु पांडे को अपर शिक्षा निदेशक द्वारा सममानित किया गया। इस विशिष्ट कामयाबी पर मुखय शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जयसवाल ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए टीम के प्रयासों की सराहना की साथ ही सकुरा एकसचेंज प्रोग्राम के तहत जापान से लौटी अटल उत्कृष्ट लीलावती पंत राजकीय इंटर कॉलेज भीमताल की बाल वैज्ञानिक निहारिका आर्य के विशेष प्रदर्शन पर बधाई दी।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं इंस्पायर अवार्ड के नोडल अधिकारी पुष्कर लाल टमटा ने बधाई देते हुए सभी का आह्वान किया की इंस्पायर अवार्ड में प्रत्येक विद्यालय से अनिवार्य रूप से पांच बच्चों का पंजीकरण किया जाए। नैनीताल जनपद की विशिष्ट कामयाबी पर डायट प्राचार्य सुरेश चन्द्र आर्या, हल्द्वानी के खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह, रामनगर के हवलदार प्रसाद, भीमताल की कैना चौहान समेत जिला समन्वयक संतोष कुमार, रविंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा, गाइड टीचर नीलम सुन्दरियाल, संतोष जोशी, पुष्पा जोशी, संकुल समन्वयक हेमलता सहित ललित प्रसाद, डॉ. शैलेन्द्र धपोला, डॉ. प्रेम मावड़ी आदि शिक्षाविदों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दल को बधाई प्रेषित की है। दूसरी ओर जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड के लिए इस वर्ष की पंजीकरण प्रक्रिया अभी चल रही है।



# नेहा कोहली ने पीएचडी की मौखिक परीक्षा दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में वीरवार को नेहा कोहली ने अपनी पीएच डी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी ।

बता दें कि नेहा ने ब्रायोफि टिक एसप्लोरेशन ऑफ गैरसैण उत्तराखंड विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। प्रो.उमा मेलकानिया पूर्व डीन सीबीएसएच पंतनगर विश्वविद्यालय विशेषज्ञ रही। नेहा कोहली ने अपना शोध कार्य प्रो. एस डी तिवारी महिला कॉलेज हल्द्वानी तथा प्रो. ललित तिवारी डीएसबी परिसर नैनीताल तथा डॉ प्राची जोशी के निर्देशन में पूर्ण किया ।विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने मौखिक परीक्षा संपन्न कराई ।इस अवसर पर विभाग के कई गुरुजन व शोधार्थी मौजूद रहे। बाद में विभाग में पौधारोपण भी किया गया।

# फुटबाल प्रतियोगिता में वीरवार को दो मुकाबले खेले गए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एच एन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबाल प्रतियोगिता में वीरवार को दो मुकाबले खेले गए।

डीएसए मैदान में प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल तथा हरमन माइनर भीमताल के मध्य खेला गया निर्धारित समय तक दोनों टीम बिना गोल किए बराबरी पर रही। बाद में हरमन माइनर ने ट्री बेकर में यह मुकाबला 5-3 से जीत लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल तथा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के मध्य खेला गया जिसमें मध्यांतर तक भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल की टीम 3-0 से आगे रही । दूसरे हॉफ में सैनिक स्कूल नैनीताल ने दो गोल और दागे,इस प्रकार एकतरफा मुकाबले में सैनिक स्कूल नैनीताल ने यह मैच 5-0 से जीत लिया। टीम के लिए निर्भय व केशव ने एक-एक जबकि बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर दीपक ने शानदार तीन गोल दागे। रेफ री बृजेश बिष्ट, आदित्य तथा अपूर्व बिष्ट रहे । प्रतियोगिता के आयोजकों के मुताबिक शुक्रवार (आज) एक मात्र मुकाबला 5 बजे से सेंट जोसेफ कालेज नैनीताल तथा भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल की बी टीम के मध्य खेला जाएगा जबकि शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के चलते मैच स्थगित रहेंगे।



## NEWS / फटाफट

### सूखाताल क्षेत्र में देर रात दो गुटों के बीच मारपीट

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल कोतवाली के तहत सूखाताल क्षेत्र में देर रात दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट के दौरान बीच सडक़ हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार सूखाताल क्षेत्र में देर रात दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों गुट सडक़ पर उतर आए। सडक़ पर उतरे गुटों ने जमकर गाली-गलौच और मारपीट की। देर रात क्षेत्र में गालियों और चिल्लाने की आवाज से लोग परेशान रहे। जिसके बाद दोनों गुट कोतवाली भी पहुंचे लेकिन बिना शिकायत दिए वापस लौट गए। मारपीट की वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर तुरंत कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

### बिना डीएल ट्रिपलिंग करना युवक को पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में बिना डीएल ट्रिपलिंग करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। तल्लीताल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वीरवार को तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी संख्या यूके 004 एसी-2104 में तीन युवक बैठकर इधर उधर भगा रहे थे। तल्लीताल पुलिस चौकी के सामने कई बार स्कूटी में ट्रिपलिंग करने पर पुलिस ने स्कूटी को रोक लिया। स्कूटी चालक से स्कूटी के दस्तावेज व डीएल मांगा तो पता चला कि वह बिना डीएल ही स्कूटी दौड़ा रहा है। पुलिस ने तुरंत स्कूटी कबजे में ले ली। एसआई बबिता ने बताया कि चोपड़ा निवासी योगेश कुंवर के खिलाफ एमवी एकट में कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी गई है।

### पालिका सभासदों ने फलदार पौधे रोपे

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद के सभासदों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभासदों के मुताबिक यह पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण तथा हरित नैनीताल के मद्देनजर किया गया है। इस अवसर पर सभासदों ने नींबू, नाशपाती, खुबानी जैसे स्थानीय फ लदार पौधों का रोपण किया। सभासदों ने कहा कि उनका यह प्रयास सिर्फ पौधरोपण नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित उपहार है। हमारे लगाए गए ये पौधे एक दिन छाया, आकसीजन और फ ल प्रदान करेंगे,पौधरोपण के बाद उन्होंने बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

### मां नयना देवी मंदिर में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन

**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल श्री मां नयना देवी मंदिर में 9 अगस्त (शनिवार) को श्रावणी उपाकर्म (ऋषि तर्पण) का सामूहिक आयोजन किया जाएगा। श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी के मुताबिक यह विशेष कार्यक्रम शनिवार की सुबह ठीक 7.30 बजे से शुरु हो जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्म से जुड़े लोगों से इस विशेष कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

### कैंसर से पीड़ित की मदद को आगे आए हेम



**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के बेतालघाट के रतोड़ा गांव में कई महीनों से कैंसर से पीड़ित महिला से बीरवार को सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्य मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि बुजुर्ग महिला की ऋषिकेश एमस में इलाज कराया जाएगा। आर्य के मुताबिक मिलने के दौरान उन्होंने सांसद अजय भट्ट से फ ोन में बात करके बुजुर्ग महिला को एमस में एडमिट कराने की गुजारिश की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस बुजुर्ग महिला की ज्यादा से ज्यादा लोग मदद करें इससे महिला का उच्च स्तरीय ट्रीटमेंट किया जा सके, वहीं महिला का पाँव पूरी तरह खराब हो गये हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान मदन सिंह, विजय, गोविंद सिंह नेगी, दयाल सिंह व रूद्र सिंह ने उनकी आर्थिक मदद करने की सरकार और जिला प्रशासन से अपील की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सेलिंग अभियान समर्पण चतुर्थ दिवस का आयोजन के साथ संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) के शनिवार को चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने दिनभर में 35 किलोमीटर की नौकायन यात्रा सफ लतापूर्वक पूरी की दूसरी ओर अब तक शिविर की कुल नौकायन दूरी बढक़र 123 किलोमीटर हो गई है। यह आंकड़ा कैडेट्स की निरंतर मेहनत तथा अनुशासन और टीम भावना का प्रमाण है। प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स ने सेलिंग के साथ-साथ सीमनशिप, बोट रिगिंग तथा बाढ़ जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त कैडेट्स के एक दल को ट्रैकिंग के लिए टिफि न टॉप भेजा गया जहां उन्होंने टीम वर्क और निर्णय क्षमता को व्यवहार में उतारने का अनुभव प्राप्त किया। नाटक के पश्चात सभी कैडेट्स द्वारा पौधरोपण भी किया गया जिससे शिविर के सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना और सशक्त हुई। शिविर के सफल आयोजन में अनिल मनहास, विक्रांत सिंह, रवि कुमार,सतीश शर्मा तथा सनी कुमार ने सहयोग दिया।



# बोहरागांव में जंगली हाथियों से दहशत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के समीपवर्ती बोहरागांव के वाशिंदें बीते दिन दिनों से दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं उसके पीछे वजह जंगली हाथियों की ओर से जमकर मचाए जा रहा उत्पात है। जंगली हाथियों के झुंड ने तबाही मचाई हुई है। ग्रामीणों ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए वन विभाग से उनकी सुरक्षा व्यवस्था करने की गुहार लगाई है।

बता दें कि बीते जुलाई महीने से ही बोहरागांव क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड लगातार घूम रहे हैं। हाथियों ने ग्रामीणों की फ सलें चौपट कर दी हैं। बुधवार की रात भी हाथियों ने गांव में घुसकर लोगों की फ सलें चौपट की हैं। जिसके बाद से आसपास के क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। हाथियों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट समेत मनोहर लाल, पूरन सिंह मेहरा व महेंद्र आदि ग्रामीणों के खेतों में घुसकर



पिनालु, केले तथा अदरक की फसलों को चौपट कर दिया है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि गांव में तीन दिनों से जंगली हाथी गांव व खेतों में घूम रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने के साथ क्षेत्र में हाथियों से सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि हाथियों की दस्तक के बाद टीम गश्त कर रही है। हाथियों के झुंड को जंगल की ओर भगाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से भी सचेत रहने की अपील की है।

# अभिमत



## देश की आवाज

*भारतीय सेना ने मात्र दो दिन में पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर भारत ने संघर्ष विराम किया। विपक्ष का रुख बदल गया और संघर्ष विराम पर सवाल उठाने लगा। विपक्ष के नेता खुलेआम सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। संसद सत्र शुरु होने पर बहिष्कार पर उतारू हो गये। ऑपरेशन सिंदूर और संघर्ष विराम का निर्णय सरकार ने किया था। सैन्य कार्रवाई भारतीय सेना ने की थी, इसलिए उसके शौर्य और सफलता की एक स्वर से प्रशंसा करनी चाहिए।*

संसद और विधानसभा में हंगामा और बहिष्कार करने की परिपाटी बन गई है। संसद तथा विधानसभा के सत्र में जनसमस्याओं के समाधान के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा विचार-विमर्श कर निर्णय लेना चाहिए। सत्तापक्ष के प्रस्ताव, नीतियों व योजनाओं पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सुझाव पर संशोधन किया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधियों को देशवासी चुनते हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों की बात देशवासियों की आवाज है। सत्तापक्ष की आवाज और विपक्ष की आवाज कहकर विभाजन करना उचित नहीं है। पहलगाम में आतंकियों द्वारा हमलाकर पर्यटकों की हत्या पर पूरा देश स्तब्ध रह गया। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य कार्रवाई करके पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त करने के साथ पाकिस्तान के सैन्य अड्डों को भी नुकसान पहुंचाया। पर्यटकों की हत्या के बाद विपक्ष आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई और पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रहा था। भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की तो विपक्ष एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा था। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले वर्ष 1965 तथा 1971 के युद्ध और 1999 में कारगिल की लड़ाई में भी सरकार के साथ विपक्ष खड़ा रहा था। भारतीय सेना ने मात्र दो दिन में पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर भारत ने संघर्ष विराम किया। विपक्ष का रुख बदल गया और संघर्ष विराम पर सवाल उठाने लगा। विपक्ष के नेता खुलेआम सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। संसद सत्र शुरु होने पर बहिष्कार पर उतारू हो गये। ऑपरेशन सिंदूर और संघर्ष विराम का निर्णय सरकार ने किया था। सैन्य कार्रवाई भारतीय सेना ने की थी, इसलिए उसके शौर्य और सफलता की एक स्वर से प्रशंसा करनी चाहिए। प्रश्नचिह्न लगाना सेना का अपमान होगा। जब से संसद और विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होने लगा है, तब से देशवासी अपने जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली से भलीभांति परिचित हैं। सदन में हंगामा करने वाले जनप्रतिनिधि पर उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को अपमान महसूस होता है। जनप्रतिनिधियों को सड़क छाप गंवार और अशिक्षित जैसा व्यवहार शोभा नहीं देता है। सदन की कार्यवाही के दौरान अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग के मंत्री से कराना चाहिए। राष्ट्रहित और जनहित की सरकार की नीतियों पर बहस करनी चाहिए। सरकार को भी विपक्ष के सकारात्मक सुझाव से प्रस्ताव में संशोधन करना चाहिए।

# जवानों व पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रक्षाबंधन की पूर्व बेला पर भाजपा महिला मोर्चा नैनीताल द्वारा वीरवार को तल्लीताल कैंट में सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मल्लीताल क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों एवं सिपाहियों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायिका सरिता आर्या ने सैनिकों को अपने हाथों से रक्षा सूत्र बांधकर उनके साहस और सेवा को नमन किया। विधायिका द्वारा देश की रक्षा और कानूनव्यवस्था में समर्पित सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर सैन्य जनता और जनसुरक्षा बलों के बीच एकजुटता व अटल विश्वास का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत निखिल बिष्ट, आशीष बजाज, भारत सिंह, कमल जोशी, विक्रम राठौर, विमला अधिकारी, रीना मेहरा, कविता गंगोला, ज्योति ढौडियाल, दीपिका बिनवाल, मीरा बिष्ट, मीनू बुदलाकोटी, राधा पाण्डेय, अरविंद पडियार, संतोष साह, संतोष कुमार, पंकज बरगली, बहादुर रौतेला, हरीश राणा, मनोज कुमार, विकास जोशी, भगवत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



## रुद्रपुर में रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए एकल अभियान

**रुद्रपुर।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए एकल अभियान हुए मुहिम से जुडी बहनों ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांध कर दीर्घायु की कामना की। अधिकारियों ने भी वचन दिया कि महिला सुरक्षा का घेरा ओर मजबूत कि या जाएंगा। गुरूवार को भारत लोक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग और भारत भूषण चुघ के साथ महिलाएं सबसे पहले पुलिस कार्यालल पहुंची और एसएसपी मणिकांत मिश्रा,एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारियों को राखी बांधी। इसके बाद कोतवाली रुद्रपुर पहुंचकर सीओ प्रशांत कुमार,कोतवाल मनोज रतुडी, एसएसआई नवीन बुधानी समेत पुलिस कर्मियों को भी रक्षा सूत्र राखी बांधी। इस दौरान भारत भूषण चुघ ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में एकल अभियान के तहत बहनें अधिकारियों को राखी बांधने की मुहिम चलाती है। जिसका उद्देश्य यह है कि त्यौहार के वक्त पुलि स विभाग के अधिकारी घर नहीं जा पाते है और नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाते है। साथ ही दीर्घायु की कामना भी की इस मौके पर उत्तम सरकार नयनतारा,कुसुम देवी, मोनिका मौर्य,एकता डाली,राजू मेहरासी आदि मौजूद रहे।

## अधेड़ ने कीटनाशक गटका, हायर सेंटर रेफर

**नैनीताल।** नैनीताल के दूरस्थ सौड़ गांव में अधेड़ ने कीटनाशक गटक लिया। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल के दूरस्थ सौड़ क्षेत्र निवासी दीवान सिंह नयाल (50) शाम को बाजार से घर जा कर सो गए। सुबह उनकी पत्नी उठकर खेतों में काम करने में जुट गई। देर तक पति के नहीं जागने पर उसने पति को उठाया तो उसकी हालत बिगड़ी थी। आसपास देखने पर पता चला कि उसने कीटनाशक गटक लिया है। जिसके बाद पत्नी ने आसपास के लोगों को सूचित कर बुलाया। आसपास के लोगों की मदद से महिला अपने पति को बीडी पांडे अस्पताल ले आई जहां डॉक्टरों ने उसको उपचार दिया। आपातकालीन में तैनात डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को 108 के माध्यम से हायर सेंटर भेज दिया है।

# राखी प्रतियोगिता एवं नए भारत के निर्माण में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग/राष्ट्रीय सेवा योजना/एंटी ड्रग सेल एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राखी प्रतियोगिता एवं नए भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.0विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गयी। उन्होंने प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करना चाहिए। इन कार्यक्रमों से हमारे भीतर रचनात्मकता, सामाजिक चेतना तथा आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है। राखी प्रतियोगिता में गायत्री, मनीषा,सुमन, दीक्षा, रूपा व नीलम व भावना ने प्रतिभाग किया तथा निबंध प्रतियोगिता में आरती,पूनम, गौरी, हिमानी बिष्ट, हिमानी व सुनील ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 जयति दीक्षित, एंटी ड्रग प्रभारी डॉ0 ईप्सिता सिंह, डॉ0 तरुण आर्या, एन0एस0एस0 प्रभारी ममता पाण्डे, डॉ0 निर्मला, डॉ0 फ रजाना अजीम, सपना आर्या, अनिल, मुकेश, ललित व प्रेमा उपस्थिति रही।

# फिल्मी दुनिया

## दिल्ली हाईकोर्ट ने उदयपुर फाइल्स पर रोक लगाने से किया इनकार



*फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' लंबे समय से रिलीज का इलाज कर रही है। कोर्ट में मामला होने की वजह से इसकी रिलीज अटकी हुई थी। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने भी फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' शुरुआत से विवाद में बनी हुई है। इस फिल्म को 11 जुलाई को रिलीज होना था। लेकिन कुछ धार्मिक संगठन इसके खिलाफ कोर्ट चले गए। मामला कोर्ट में होने की वजह से फिल्म की रिलीज टलती गई। अब यह फिल्म आज यानी 8 अगस्त को रिलीज होगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भी इस फिल्म का हरी झंडी दे दी है। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने भी उदयपुर फाइल्स पर रोक लगाने से किया इनकार दिया है। कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगान से साफ इंकार कर दिया है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की कोर्ट ने फिल्म पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। रोक लगाने वाली याचिका को खारिज करते हुए यह कोर्ट ने आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा कि इस पूरे मामले को याचिकाकर्ता अपने पक्ष में साबित करने में विफल रहा है।*

### जिंदगी की कमाई खर्च

*कोर्ट ने आगे कहा, 'फिल्म मेकर ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई इस पर खर्च कर दी है। अगर फिल्म रिलीज नहीं होती है तो उसे समस्या होगी। एक बार जब फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा पास हो जाती है तो रिलीज को प्रभावित करना मुमकिन नहीं होता है। ऐसे में कोर्ट भी फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने में असमर्थ है। आखिर में फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज को अनुमति देते हुए अदालत ने कहा कि इससे कोई नुकसान नहीं होगा। बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने फिल्म उदयपुर फाइल्स' से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।*

# जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिला न्यायालय परिसर के सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी को स्वास्थ्य शिविर में बीपी,शुगर, स्वास्थ्य परामर्श एवं अन्य रक्त जांच हेतु शिविर आयोजि किया गया।

शिविर में डा डीपी सिंह वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, जवाहर लाल नेहरु जिला चिकित्सालय, सहयोगी टीम नर्सिंग, फार्मास्सिट,लैब तकनीशियन के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में जिला जज सिकन्द कुमार त्यागी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला जजी अनन्त राम, आशीष कुमार श्रीवास्तव,, वीरेन्द्र प्रताप वर्मा, मुख्य प्रतिलिपिक, दीवानी/फौजदारी, जिला जजी,सहायक नाजिर भगवान सिंह, एवं अमित गुप्ता, चीफ रीडर देवेन्द्र सिंह मेहरा, व्यैक्तिक सहायक यतेन्द्र कुमार,राजीव नयन अशोक कुमार सदर मुन्सरिम अन्य न्यायालय तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।



# मासूम की हत्या के चार दिन बीत जाने पर भी पुलिस को नहीं लगा कोई सुराग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौलापार में मासूम की हत्या के चौथा दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। ऐसे में पुलिस के सामने कई चुनौतियां है।

प्रदर्शन कर रहे परिवार पर बीते रोज लाठियां भांजने वाली पुलिस के हाथ फिलहाल हत्यारोपियों तक नहीं पहुंचे हैं। परिजनों पर लाठियां बरसाने को लेकर पूर्व विधायक नारायण पाल भी धरने पर जा बैठे पुलिस के ऊपर उन्होंने आरोप लगाया कि हत्या आरोपियों को पकड़ने के बजाय पुलिस मासूम बच्चों के परिजनों को पर ही लाठी बरसा रहे हैं और यह सब सत्ता के दबाव में कर रहे हैं। वहीं अपने को तेजतर्रार कहलवाने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घटना की



गंभीरता को देखते हुए खुद प्रह्लाद नारायण मीणा मौके पर पहुंचकर जांच की कमान संभाल चुके हैं। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस की कई टीमें लगातार घटनास्थल और संदिग्धों के घरों में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। लेकिन अभी तक पुलिस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है पुलिस हवा में तीर चला कर खुद को तो गुमराह कर ही रही है लेकिन आम जनता को भी गुमराह कर रही है। बतादे की मंगलवार को पश्चिमी खेड़ा गौलापार स्थित खेत में 10 वर्षीय अमित का शव मिला था। लाश को एक घर के पास आम के बगीचे में दफनाया गया था। मासूम का सिर और दाएं हाथ की कलाई गायब थी। इस वारदात ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। तीन दिन बाद भी पुलिस बच्चे का सिर और कलाई का सुराग नहीं लगा सकी। लोगों के बीच चर्चा है कि यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि तंत्र-मंत्र या फिर बड़ा षड्यंत्र हो सकता है। मृतक मासूम के पिता खूबकरन मौर्य ने भी पुलिस को दी तहरीर में तंत्र मंत्र के चक्कर में अमित की हत्या की बात कही है। उनका कहना है कि आरोपी के परिवार वाले तंत्र विद्या करते हैं। इसी वजह से उन्होंने अमित की हत्या की। पिता ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, सवाल उठा रहे हैं कि दिनदहाड़े इतनी निर्मम वारदात को अंजाम देना अकेले किसी एक इंसान के बस की बात नहीं। शक जताया जा रहा है कि इस हत्याकांड में एक से ज्यादा लोग शामिल हो सकते हैं। इधर, अपने लाडले को खोने के बाद से अमित के पिता खूबकरन और मां पुष्पा देवी बदहवास हैं। बीते रोज काठगोदाम थाने और चौकी के बाहर रोती-बिखलती मां इंसाफ के लिए झोली फैलाकर पुलिस के साथ गिड़गिड़ाती नजर आई। परिवार ने पुलिस के पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाई। बदले में पुलिस ने पीड़ित परिवार और प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठियां भांजी। रोते बिलखते मां और बहनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हत्या करने वाला परिवार अमीर और प्रभावशाली है। जिनकी थाने चौकियों में खातिरदारी हो रही है। पूर्व विधायक नारायण पाल का कहना है कि अगर पुलिस का यही रवैयार आया तो पुलिस के ऊपर से आम जनता का विश्वास उठ जाएगा और अपराधियों के हौसले बुलंद हो जाएंगे।

## News कॉर्नर

### डीएम के अवैध कालोनियों के रजिस्ट्री करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जनपद में अवैध कालोनियों की रजिस्ट्री व अवैध रूप से भूमि के खरीद-फरोख्त मामलों को गम्भीरता से लेते हुए एडीएम वि./रा. को रजिस्ट्रार कार्यालयों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के निर्देश के अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने गुरूवार को रजिस्ट्रार कार्यालय खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध कालोनियों की रजिस्ट्रीया जो हुई है, उनकी गहनता से जॉच की जायेगी व अवैध कालोनियों के रजिस्ट्री करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही संबंधित की जबावदेही भी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो भी भूमि नियमों के विरूद्ध खरीद-फरोख्त कर रजिस्ट्री करायी जायेगी ऐसी भूमि को सरकार में निहित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान एआईजी स्टाम्प सुधांशु त्रिपाठी, सब रजिस्ट्रार मंजू आदि मौजूद थे।

### नव नियुक्त सहायक महाप्रबंधक ने पद भार ग्रहण किया

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के डिपो काठगोदाम के सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत ने अपना पदभार ग्रहण किया। उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने आज उनके कार्यालय काठगोदाम डिपो में उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया साथ ही उनसे आशा जताई कि वे परिवहन निगम की उन्नित के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। यूनियन द्वारा सहायक महाप्रबंधक से दो वाल्वो बसे ऑन लाइन करने, डग्गामारी रोकने, अभी तक वेतन नही मिलने,साथ ही कर्मचारियों के साथ आपसी मेलजोल से निगम की आय बढ़ाने पर चर्चा की। सहायक महाप्रबंधक द्वारा यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिया वे सभी से मिलजुलकर निगम हित मे कार्य करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै,क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट,शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, शाखा मंत्री शशिकांत गौतम,कैलाश कांडपाल, रेहान अली,जहाँगीर खां ,किशोरी लाल शामिल थे।

# रुद्रपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान के दौरान सिडकुल सैक्टर 6 स्थित मंगलम फूड प्रोडक्ट मंगलम स्वीट एंड फास्ट फूड प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान टीम ने प्रतिष्ठान से संदेह के आधार पर खोया,काजू टुकड़ा, मैदा, कलाकंद चार खाद्य पदार्थो का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। इसके बाद टीम ने नैनीताल रोड स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बीकानेर से दो सेंपल काजू कतली और पेडा का भी लिया है। जिला सूचना अधिकारी के मुताबिक टीम ने शहर में कई जगहों पर निरीक्षण कर खाध पदार्थ की क्वालिटी जांची और सेंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या के मुताबिक पिछले माह टीम ने मंगलम स्वीट एवं फास्ट फूड प्रतिष्ठान से लिये गये सर्विलांस नमूनों की जांच में पाई



**हड़कंप**

- सिडकुल क्षेत्र स्वीट एंड फास्ट फूड प्रतिष्ठान का भी औचक निरीक्षण कर सेंपल लिए

खामियों एवं खाद्य अनुज्ञप्ति मानकों में पाई कमियों के चलते एफएसएसए 2006 की धारा 56 के तहत अपर जिला अधिकारी न्यायालय(वित्त एवं राजस्व)/ न्याय निर्णयन अधिकारी न्यायालय जनपद ऊधम सिंह नगर वाद दायर किया जा चुका है। इस कार्रवाई में जिला प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा इंस्पेक्टर ट्रांजिट कैंप मोहन चन्द्र पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। उधर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा औचक निरीक्षण के चलते शहर में स्थित कई स्वीटस दुकान मालिकों में हड़कंप मचा रहा। इधर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि जिन दुकानों से सेंपल लिए है, उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। उधर मंगलम प्रतिष्ठान के मालिक से जानकारी के लिए संपर्क किया गया, उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# मशहूर नैनीताल पहुंचे फिल्म अभिनेता व पूर्व सांसद राज बब्बर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मशहूर फिल्म अभिनेता व पूर्व सांसद राज बब्बर वीरवार को नैनीताल की पुरानी यादें ताजा करने नैनीताल पहुंच गए। भ्रमण के दौरान प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाई और बाद में वापस कार्बेट पार्क रामनगर को लौट गए। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सैर की।

अभिनेता राज बब्बर परिजनों के साथ होटल नमः नैनीताल में दिन का भोजन किया और माल रोड की सैर पर निकल गए। नमः नैनीताल के जीएम नरेश गुप्ता ने बताया कि वह 1960 के दशक में पहली बार नैनीताल आए थे। तभी से यहां दुबारा आने की इच्छा रखते थे। इस बीच वह कॉर्बेट पार्क में ठहरे हुए हैं। वीरवार को मौका मिलते ही वह नैनीताल पहुंच गए। इस अवसर पर राज बबर ने कहा कि नैनीताल की आबोहवा में गजब की खुशबू है जो उन्होंने पहली बार पहुंचने पर महसूस की थी और आज भी कुछ उसी तरह का महसूस कर रहे हैं। इस नगर की प्राकृतिक सुंदरता लाजवाब है जिसका आनंद हर कोई उठाना चाहेगा। उन्होंने कहा कि वास्तव में जिंदगी की आपाधापी से दूर यहां बेपनाह सुकून महसूस होता है और भविष्य में बार बार यहां आना चाहेंगे। मालरोड भ्रमण के दौरान उनके प्रशंसकों की सेल्फी के लिए भीड़ लगने लगी तो अपनी गाड़ी में बैठ गए। इस दौरान उन्होंने खुर्पाताल और सरिताताल की सैर की जबकि इससे पूर्व वह होटल आरिफ कैसल भी गए। आरिफ कैसेल्स विजिट के बाद देर शाम अपने परिजनों के साथ वापस कॉर्बेट पार्क रामनगर को लौट गए।



# विधायक पहुंचे मृतक सूरज के घर, परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गत दिवस कल्याणी नदी में 17 वर्षीय युवक सूरज कोली की डूबने से मृत्यु हो गई थी। शव की खोज के लिये विधायक शिव अरोरा कल से ही स्थानीय लोगो व वहाँ के पार्षदों के सम्पर्क में थे।उन्होंने प्रशासन के लोगो से वार्ता कर गोताखोर व एनडीआरएफ,एसडीआरएफ की टीम को युवक की खोज को भिजवाया था।

विधायक ने अविलम्ब गंभीरता से लेते हुऐ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मृतक के परिजनों की आर्थिक सहायता को आग्रह किया था। जिस पर सीएम के निर्देशन पर परिवार की आर्थिक सहायता हेतु 4 लाख की धनराशि का चैक देने के लिए रम्पुरा सूरज कोली के आवास पर प्रशासन के लोगो के साथ पहुंचे।मृतक के परिजनों को 4 लाख की धनराशि का चैक सौपा।इस मौके पर

विधायक ने कहा कि सूरज कोली की भरपाई नही की जा सकती, मगर उसके परिवार की मदद हेतु यह धनराशि काफ़ी मददगार साबित होंगी, विधायक ने इस दुःख की घड़ी में परिवार को हौसला रखने को कहा। भविष्य में परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।विधायक ने कहा 2023 में भी रम्पुरा क्षेत्र में आई बाढ़ में एक युवक की डूबने से मृत्यु हो गई थी।48 घंटे में ही में उनके भी परिजनों 4 लाख आर्थिक सहायता सरकार से दिलवाई थी।उनका विधायक क्षेत्र की जनता के साथ हर परिस्थिति में खड़ा नजर आता है।

इस दौरान मेयर विकास शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुमार, सुशील गाबा, महेश कोली,सुनील यादव, पारस चुघ, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।



# संविदा कर्मियों का मानेदय बढ़ाने की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम प्रबंधन से निमग के संविदा कर्मियों का मानेदय बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने आशा जतायी है कि शुक्रवार (आज) होने वाली नैनीताल में निगम प्रबंधन की निदेशक मंडल की बैठक में कर्मियों की कई समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

दूसरी ओर प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट -2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनुठा पौधारोपण आंदोलन 398वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान के तहत गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम कि शुक्रवार (आज) होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में 2018 के बाद कार्यरत संविदा कर्मचारियों के 4 हजार रुपए000 मानदेय बढ़ाने हेतु पूर्व में महासंघ द्वारा कई पत्र दिए गए। इससे पूर्व निगम प्रशासन द्वारा 2018 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाया जा चुका है। उन्होंने आशा प्रकट की की निगम प्रशासन निदेशक मंडल की बैठक में संविदा कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी करेगा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम PUNIT KUMAR MAHAJAN से बदलकर PUNEET KUMAR MAHAJAN रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे PUNEET KUMAR MAHAJAN नाम से जाना पहचाना जाए।- पुनीत कुमार महाजन पुत्र श्री देवराज महाजन, हाउस नं0- 77 , पालम सिटी, रामपुर रोड, देवलचौड़, हल्द्वानी (नैनीताल)

# वेब सीरीज़ तलाश की शूटिंग, सीए कार्यालय में महत्वपूर्ण दृश्य का फिल्मांकन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर में वेब सीरीज तलाश की शूटिंग चल रही है।इस सीरीज़ का एक प्रमुख सीन शहर के जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट जयप्रकाश अग्रवाल के कार्यालय में फिल्माया गया।वेब सीरीज़ के लेखक एवं निर्देशक अनुग्रह अग्निहोत्री है।

अनुग्रह अग्निहोत्री ने कई सारी फिल्मों में अपने लेखन से और अपने निर्देशन से चर्चा प्राप्त की है। बहुत ही चर्चित फिल्म 'दून एक्सप्रेस'में भी अनुग्रह ने अपने लेखन और अपने निर्देशन से और एक्टिंग से फिल्म को बहुत आयाम दिया है। नई वेब सीरीज तलाश का निर्माण वन फिल्म और निथिन एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा




है। जिसके प्रोड्यूसर सोहेल आलम और भूषण छाबड़ा है।प्रोड्यूसर दीपक पांडे के प्रोडक्शन हाउस 'पांडे एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शंस' का सहयोग इस वेब सीरीज को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर और इसके आसपास की कई प्रमुख लोकेशनों पर इसकी शूटिंग चल रही है। उन्होंने बताया कि सीरीज़ के डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी जफर खान हैं। कैमरा असिस्टेंट - हरिओम, मेकअप आर्टिस्ट मुंबई से संदीप यादव, कोरियोग्राफर दिव्यांशु ठाकुर आदि हैं। उधर बताया कि जल्दी तलाश वेब सीरीज का सेकंड पार्ट शुरू होने जा रहा है जिसका ऑडिशन दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी और रुद्रपुर में होगा।

### वेब सीरीज के प्रमुख कलाकारों में

अनुग्रह अग्निहोत्री,भूषण छाबड़ा, रमजा खान, दीपक पांडे, रवि खन्ना, उज्ज्वल यादव, विजय गुप्ता, प्रकाश पांडे, हर्षित श्रीवास्तव, शनि पाल, नितिन कोली, प्रसंजीत, पूजा, वर्षा और एक्टर मारूफ फरीदी,साहबत हुसैन खान आदि।